**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 20.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **वीबी जी राम जी योजना को लेकर राज्य में पक्ष–विपक्ष आमने–सामने, कांग्रेस के विरोध पर भाजपा ने कसा तंज, कहा– केन्द्र कर रही है मनरेगा में सुधार की पहल।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट ने पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव और कार्मिक सचिव के खिलाफ जारी किया अवमानना का नोटिस, नियुक्ति नियमावली लागू नहीं करने पर जतायी नाराजगी।**
3. **राज्य में क्रिसमस को लेकर खासा उत्साह, रांची में आयोजित क्रिसमस आगमन महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यवासियों को दी शुभकामनाएं।**
4. **पूरा राज्य घने कोहरे और शीतलहर की चपेट में, जनजीवन प्रभावित, मुख्यमंत्री ने लोगों से की सावधानी बरतने की अपील।**
5. **रांची में शुरु हुए 79वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्राफी में झारखंड की शानदार शुरुआत, रोमांचक मुकाबले में बिहार को 1–0 से हराया।**

*******************

विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर राज्य में सियासत तेज हो गयी है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मनरेगा में नए बदलावों से 100 दिन के रोजगार की गारंटी छिन जायेगी। श्री राजू ने कहा कि इससे गरीब राज्यों के मजदूरों का अधिकार प्रभावित होगा।

*******************

इधर, कांग्रेस के विरोध पर भाजपा ने तंज कसा है। भाजपा नेता प्रदीप सिन्हा ने कहा है कि मनरेगा में सुधार के लिए केन्द्र सरकार की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेवजह इसका विरोध कर रही है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में सहायक अभियंता नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली लागू नहीं करने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की खंडपीठ ने इसे लेकर पथ निर्माण और कार्मिक सचिव को अवमानना का नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ आरोप गठन पर 22 जनवरी को सुनवाई निर्धारित की है।

*******************

राज्य के कर्मियों को आर्थिक लाभ देने के लिए हेमंत सोरेन सरकार गवर्नमेंट सैलरी पैकेज शुरु करने जा रही है। इस सिलसिले में बैंक ऑफ इंडिया के जीएम गुरु प्रसाद गौंड समेत अन्य अधिकारियों ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। बैठक में यह तय किया गया कि 23 दिसंबर को इसे लेकर राज्य सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच एक एमओयू किया जायेगा।

*******************

उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए धनबाद और हजारीबाग के सहायक उत्पाद आयुक्तों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उत्पाद आयुक्त लोकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर यह कार्रवाई कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में की गई है। दोनों अधिकारियों से इस मामले में विस्तृत जवाब मांगा गया है।

*******************

झारखंड में सरकारी भवन निर्माण के संवेदकों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को पत्र लिखकर इस पर गहरी चिंता जताई है। चैंबर ने रुके हुए भुगतान, सिक्योरिटी मनी की वापसी और समय विस्तार की राशि जल्द जारी करने की मांग की है।

*******************

राज्य में क्रिसमस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रांची में इसे लेकर उत्साह दिख रहा है। इस कड़ी में लोयला ग्राउंड में क्रिसमस आगमन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।

*******************

हजारीबाग की कोर्रा पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पांच मोबाइल और सोने के टुकड़े बरामद हुए। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

*******************

सिमडेगा के नगर भवन में जिलास्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन एसपी एम. अर्शी ने किया। इसमें लोकनृत्य, पेंटिंग और भाषण जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। उपायुक्त कंचन सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ अपनी प्रतिभा निखारने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया।

*******************

जमशेदपुर के श्रीनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित नौवां अंतर्राष्ट्रीय श्रीनाथ हिंदी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो और विधायक सविता महतो शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने हिंदी के संवर्धन के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए भाषा के विकास के लिए सामूहिक एकजुटता पर जोर दिया।

*******************

पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर भारत में बर्फवारी के साथ–साथ दक्षिण पूर्व की ओर से आ रही हवा के कारण राज्य में मौसम की स्थिति बिगड़ गयी है। पूरा राज्य घने कोहरे और शीतलहर की चपेट में है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के 14 जिलों में घना कोहरा और धुंध छाये रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

*******************

कड़ाके की ठंड और शीतलहर के मद्देनजर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने, गर्म कपड़े पहनने और बच्चों–बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। श्री सोरेन ने सुरक्षित अलाव और हीटर के उपयोग पर जोर देते हुए स्वास्थ्य समस्याओं पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी है।

*******************

हजारीबाग में कड़ाके की ठंड के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा कंबल वितरण शुरू न होने पर यूथ विंग जरुरतमंदों की मदद के लिए आगे आया है। युवाओं की यह टोली हर सप्ताह 100 से अधिक जरूरतमंदों को कंबल बांट रही है। संस्था ने सक्षम लोगों से भी इस नेक काम में आगे आने की अपील की है।

*******************

उतराखंड के रुद्रपुर में आयोजित 77वीं राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के पहले दिन झारखंड ने दो रजत पदक जीते। श्गोल्डन गर्लश सरिता कुमारी ने सीनियर वर्ग की 1 किलोमीटर टाइम ट्रायल में और काजल, सिंधु, निकिता व संजू की टीम ने जूनियर वर्ग की 4 किलोमीटर टीम पर्स्यूट स्पर्धा में यह सफलता हासिल की।

*******************

रांची में शुरु हुए 79वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चौंपियनशिप संतोष ट्राफी में झारखंड की शानदार शुरुआत की है। कल खेले गए मुकाबले में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिहार को 1–0 से हरा दिया।

*******************

जमशेदपुर में आयोजित 24वीं झारखंड राज्य सीनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न हो गई है। पुरुष वर्ग के फाइनल में सीआईएसएफ की टीम ने धनबाद को 25–15, 25–16, 24–26 और 25–19 से हराकर स्वर्गीय जगदीश चंद्र बोस मेमोरियल ट्रॉफी जीत ली है।

*******************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– सरकार के 3 विभागों में 11 हजार सात सौ करोड़ का भुगतान संकट, कई योजनाएं ठप।

**प्रभात खबर** लिखता है– एससी व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी करेंगें फ्री कोचिंग।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– रेल रैक में सेना के जवान ने महिला से किया दुष्कर्म।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– झारखंड टी–20 की टीम का सीएम ने बढ़ाया हौसला।

*******समाप्त***********